Printed Pages – 5+3=8

# AI -1024

## B. A. (Part-I)

## Term End Examination, 2020-21

***Paper : Second***

**HINDI LITERATURE**

***Time Allowed : Three hours***

***Maximum Marks : 75***

**नोट** : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।*

### इकाई-I

1. सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए— 3×10=30

(क) वह जालपा, जो अपने घर बात-बात पर मान किया करती थी, अब सेवा त्याग और सहिष्णुता की मूर्ति थी। जग्गो मना करती रहती, पर वह मुँह अंधेरे सारे घर में झाड़ू लगा आती, चौका-बर्तन कर डालती। आटा गूँथकर रख देती, चूल्हा जला





देती। तब बुढ़िया का काम केवल रोटियाँ सेंकना था।

**अथवा**

माधव इतना कामचोर था कि आधा घण्टे काम करता तो घण्टे भर चिलम पीता। इसलिए उन्हें कहीं मजदूरी नहीं मिलती थी। घर में मुट्ठी भर भी अनाज मौजूद हो तो उनके लिए काम करने की कसम थी। जब दो चार फांके हो जाते थे, तो घीसू पेड़ पर चढ़कर लकड़ियाँ तोड़ लाता और माधव बाजार से बेच लाता और जब तक पैसे रहते दोनों इधर-उधर मारे फिरते!

(ख) आज सिरचन को मुफ्तखोर, कामचोर या चटोर कह ले कोई। इक समय था जबकि उसकी मड़ैया के पास बड़े बाबू लोगों की सवारियाँ बंधी रहती थी, लोग उसे पूछते ही नहीं थे, उसकी खुशामद भी करते थे, अरे सिरचन भाई। अब तो तुम्हारे ही हाथ में यह कारीगरी रह गई है सारे इलाके में। एक दिन भी समय निकालकर चलो।

**अथवा**

एक नवयुवक चाबियों का गुच्छा घुमाता, गली की तरफ आया। बुड्ढे को वहाँ खड़े देखकर उसने पूछा—कहिए मियाँ जी, इहाँ किसलिए खड़े हैं?

(ग) जहाँ बाल-बच्चे और घर-बार होता है, सौ किस्म की झंझटे होती हैं। कभी बच्चे को तकलीफ है तो कभी-जच्चा को। ऐसे वक्त में कर्ज़ की ज़रूरत कैसे न हो? घर-बार हो तो कर्ज़ भी माफ होगा ही।

**अथवा**

अरे बाबा, तो हम मना कब कर रहे हैं? देंगें भाई, सबको देंगे। पहले आपॅरेशन तो सही सलामत हो जाने दो। मैं पूछता हूँ और ऑपरेशन बिगड़ गया, नहीं हुई आँखे ठीक-तब, क्या डॉक्टर लौटा देगा? है कोई गारण्टी—आँखें ठीक होने की?

## इकाई-II

2. 'गबन' की नायिका का चरित्र-चित्रण कीजिए। 10

**अथवा**

'गबन' उपन्यास का उद्देश्य समझाइए।





## इकाई-III

3. कहानी और उपन्यास के सम्बन्ध में अपने विचार लिखिए। 10

**अथवा**

'कफन' कहानी की कथावस्तु लिखिए।

**अथवा**

'ठेस' कहानी के सिरचन के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

## इकाई-IV

4. निम्न में से किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 15

(क) मलबे का मालिक, शीर्षक का सारांश।

(ख) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' की रचनाओं के नाम लिखिए।

(ग) 'पर्दा' कहानी का उद्देश्य।

(घ) 'बिरादरी बाहर' कहानी का सारांश।

(ङ) 'चीफ़ की दावत' के पात्र शाम नाथ का चरित्र-चित्रण।

## इकाई-V

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 10

(क) प्रेमचन्द के पहले उपन्यास का नाम लिखिए।

(ख) 'आकाशदीप' कहानी है या उपन्यास?

(ग) 'कफ़न' कहानी के रचनाकार का नाम लिखिए।

(घ) 'गबन' उपन्यास की नायिका का नाम लिखिए।

(ङ) 'गदल' क्या है?

(च) 'चीफ़ की दावत' में मुख्य पात्र का नाम लिखिए।

(छ) अब्दुल गनी कौन है?

(ज) घीसू किस कहानी का पात्र है?

(झ) सिरचेन किस कहानी का पात्र है?

(ञ) मोहन राकेश की किसी एक कहानी का नाम लिखिए।

(ट) 'पर्दा' किसकी कहानी है?

(ठ) प्रेमचन्द के किसान आधारित उपन्यास का नाम लिखिए।

(ड) 'रति-विलाप' किसकी कहानी है?